श्याम की कृपा | by Sakshi Agarwal

श्याम की कृपा से हुआ है नाम मेरा
खुद सांवरिया करे हर काम मेरा
श्याम की कृपा से ....

श्याम नाम की करूँ चाकरी मौज में जीवन काटूँ
खुद रस पान करूँ भजनो का और मैं सबको बाटूँ
श्याम की सेवा का ये है ईनाम मेरा
खुद सांवरिया करे हर काम मेरा
श्याम की कृपा से ....

ना सोचा था मुझको कभी ऐसा दरबार मिलेगा
श्याम प्रेमियों का भी मुझको इतना प्यार मिलेगा
श्याम के होते कभी घटे ना मान मेरा
खुद सांवरिया करे हर काम मेरा
श्याम की कृपा से ....

चाहे हो कोई भी संकट या फिर मन घबराये
देकर झाड़ा मोरछड़ी का पल में कष्ट मिटाये
कहे हक़ से शिवम् सहारा श्याम मेरा
खुद सांवरिया करे हर काम मेरा
श्याम की कृपा से ....

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%b6%e0%a5%8d%e0%a4%af%e0%a4%be%e0%a4%ae-%e0%a4%95%e0%a5%80-%e0%a4%95%e0%a5%83%e0%a4%aa%e0%a4%be-by-sakshi-agarwal/